--- : : अंकेक्षण प्रमाण - पत्र : : --

मैं निम्न हस्ताक्षरकर्ता अंकेक्षण अधिकारी प्रमाणित करता हूँ कि हमारी फर्म बी श्राफ एण्ड कम्पनी एफआरएन–006514w ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार जिसका पंजीयन क्र. 17 दिंनाक 16–03–1926 है तथा जो जिला धार में है, का अंकेक्षण भारतीय रिजर्व बैंक एवं मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम के द्वारा प्रस्तावित विधि से पूर्ण किया है।

मेरे द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित धार 31 मार्च 2024 तक का स्थिति विवरण पत्रक, लाभ हानि पत्रक जो उक्त दिनांक से समाप्त होने वाले लेखों से सम्बन्धित है कि प्रधान कार्यालय तथा शाखाओं द्वारा भेजे गए प्रमाणित लेखों के आधार पर जाँच की गई जो कि इन पत्रको में सम्मिलित किये गए है अतः मेरे मत से अंकेक्षण टीप में उल्लेखित आक्षेपों, लेखांकन नीतियों एवं परिवर्तन का ज्ञापन (MOC) को छोडकर :–

1. बैंक का व्यवसाय आम तौर से विधिवत उपनियमों एवं नियमों के अंतर्गत तथा पंजीयक, सहकारी समितियां, भोपाल के प्रशासनिक निर्देशों के एवं बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट की आवश्यकतायों के अनुरूप किया गया है।
2. बैंक का स्थिति विवरण पत्रक स्पष्ट है। आवश्यक सभी जानकारी जो कि बैंक के व्यवहार एवं स्थिति को दर्शाते है उनका समावेश उनमें है मुझे जो जानकारी बैंक की स्थिति के सम्बन्ध में बताई गई तथा जो खातों में दशायी गई है उनका समावेश इन पत्रकों में है आपातियाँ ऑडिट नोट में बताई गई है।
3. आवश्यकतानुसार समस्त जानकारी मेरे संतोष होने तक बैंक द्वारा मुझे उपलब्ध कराई गई है।
4. बैंक का समस्त व्यवहार व्यवसाय निर्धारित कार्य सीमा के अंतर्गत किया गया है।
5. अंकेक्षण हेतु जो भी प्रपत्र बुलाये गए सभी पूर्ण एवं पर्याप्त है।
6. लाभ–हानि पत्रक लाभों का सही चित्रण करता है।
7. बैंक स्थिति विवरण एवं लाभ हानि पत्रक नियमों के अनुरूप बनाया गया है।
8. मेरे मत से बैंक की समस्त लेखा पुस्तिकाएं आवश्यकता के अनुरूप रखी गई है।

अतः मैं बैंक को पंजीयक, सहकारी समितियां मध्यप्रदेश भोपाल के परिपत्र क्र./अंके./98/771 भोपाल दिंनाक 28.09.1998 एवं परिपत्र क्र./अंके./4/2002/668 भोपाल दिंनाक 24.08.2002 द्वारा प्रसारित निर्देशों में दी गई कसौटी के आधार पर बैंक को "क " वर्ग में वर्गीकृत करता हूँ।

वर्ष 2023–24 के लिए

अंकेक्षण वर्गीकरण "क" की पुष्टि की जाती है।

वास्ते :– **बी श्राफ एण्ड कं.**
सनदी लेखाकार
फर्म क्र. – 006514W

सी.ए. रोहन शर्मा
पार्टनर
सदस्यता क्रमांक 429352
UDIN :. 24429352BKHALC1977
दिनांक :– 18.06.2024